हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 26 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 22.0 डिग्री

न्यूनतम 23. 0 डिग्री

रजत जयंती वर्ष पर जैविक किसान मेला एवं प्रदर्शनी

4



## खबर संक्षेप

### सूर्यांश कैरियर मार्गदर्शन एवं ग्रामीण महा भ्रमण अभियान का शुभारंभ आज

**जांजगीर-चांपा।** सूर्यांश ग्रामीण एहसास एवं जन जागरूकता महारैली अभियान के प्रथम चरण का आयोजन 26 अक्टूबर को किया गया है। भ्रमण दल को रेलवे स्टेशन नैला (जांजगीर) से सूर्यांश एवं हरा झंडा दिखाकर रवाना किया जाएगा। शुभारंभ कार्यक्रम जांजगीर चांपा विधायक व्यास कश्यप के मुख्य आतिथ्य एवं जांजगीर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश पैगवार, भगवान दास गढ़ेवाल, मोती लाल डहरिया एवं श्रीमती मालती रात्रे और सुखराम गरेवाल के विशिष्ट आतिथ्य के साथ जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थित में किया जाएगा। जांजगीर-सक्ती जिला में भ्रमण कार्यक्रम सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति के संरक्षक ताराचंद रत्नाकर के मार्गदर्शन एवं संगठन प्रभारी हरदेव टंडन, रमेश दास खड्ग, मोहरसाय खरसन, आचार्य शिव प्रधान, रामनारायण प्रधान, देव कुमार सूर्यवंशी, संजय पैगवार, शुक्ला प्रसाद सूर्यवंशी एवं संजय लसार के उपस्थित में सूर्यांश ग्रामीण भ्रमण दलों के दल प्रमुख एवं प्रभारी अपने भ्रमण दलों के सदस्यों के साथ अपने-अपने निर्धारित मार्गों में स्थित ग्रामों में जाकर शिक्षा सभा, कैरियर मार्गदर्शन, प्रतिभा खोज, निःशुल्क कोचिंग हेतु अभ्यर्थी चयन करते हुए उत्कृष्ट नागरिक सेवा सम्मान हेतु ग्रामीण जनों से संवाद करेंगे।

### ग्राम बिर्रा में श्री राम नाम जप सप्ताह यज्ञ 30 से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा में यज्ञ समिति बिर्रा एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित 155 वर्षों से लगातार श्री राम नाम जप सप्ताह महायज्ञ का आयोजन 30 अक्टूबर गुरुवार से शुभारंभ किया जाएगा। श्री राम नाम सप्ताह यज्ञ में 30 अक्टूबर की सुबह समस्त ग्रामवासियों द्वारा किर्तन भजन कर राम सीता और लक्ष्मण की प्रतीमा को यज्ञस्थल लाया जाएगा। देव आह्वान ,वेदी पूजन कर, जय जयकारे के साथ किर्तन मंडलियों द्वारा सीताराम सीताराम राधेश्याम राधेश्याम का भजन के साथ शुभारंभ होगा। समिति द्वारा सभी किर्तन मंडलियों के सम्मान स्वरूप नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### तीन दिवसीय राज्य स्थापना दिवस समारोह मनेगा 2 से

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस कार्यक्रमों की तैयारी के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 2 नवंबर से 4 नवंबर तीन दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की उपलब्धियों, योजनाओं एवं परियोजनाओं पर आधारित विकास प्रदर्शनी लगाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएँ, जिनमें छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति की झलक दिखाई दे।

## हसदेव बांगो लबालब, उम्मीद में उतेरा फसल नहीं लगा रहे कृषक

# रबी के लिए पानी देने के निर्णय में हो रही देरी, असमंजस में किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में खरीफ फसल लगभग तैयार होने की स्थिति में है। कुछ दिनों में ही कटाई मिंसाई का काम शुरू हो जाएगा। इसके पहले रबी फसल को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जिससे किसान चिंतित है। रबी फसल के लिए पानी मिलने की आस में किसान तिवरा, चना, मसूर जैसे उतेरा की फसलें भी नहीं ले पा रहे है।

हसदेव बांगो बांध में इस बार पानी लबालब भरा हुआ है, बावजूद इसके किसानों को अब तक इस बात की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है कि ग्रीष्मकालीन फसल के लिए पानी दिया जाएगा या नहीं। आमतौर पर हर वर्ष किसानों को हसदेव बांगो नहर से सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराया जाता है, जिसके सहारे किसान अपनी सुविधा अनुसार ग्रीष्मकालीन धान की खेती करते हैं। परंतु इस वर्ष अब तक कृषि विभाग और जल संसाधन विभाग की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इस कारण किसान यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि उन्हें रबी मौसम में गेहूं, चना, मसूर जैसी फसलों की बुवाई करनी चाहिए या धान की तैयारी में जुटे रहना चाहिए। किसानों की दुविधा यह है कि यदि वे धान की आस में उतेरा (रबी) फसल नहीं लगाते और बाद में पानी न देने का निर्णय होता है, तो वे दोनों फसलों से वंचित हो जाएंगे। वहीं, अगर उन्हारी उतेरा की फसल बो देते हैं और बाद में पानी उपलब्ध कराया जाता है, तो धान की फसल का मौका हाथ से निकल जाएगा।



कृषक चेतना मंच के साथ बैठक में उपस्थित किसान।

### लामबंद हो रहे किसान, सेमरा में हुई बड़ी बैठक

जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर कृषक चेतना मंच के बैनर तले बैठकों का दौर शुरू हो गया है। ग्रीष्मकालीन फसल में धान के लिए पानी की मांग, रासायनिक खाद की कालाबाजारी, खरीदी में गड़बड़ी और भुगतान में देरी जैसे मुद्दों को लेकर किसान अब मुखर हो गए हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार, 24 अक्टूबर को ग्राम सेमरा में कृषक चेतना मंच की बैठक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 40 से 45 गांवों के किसान बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में किसानों ने अपने अनुभव और समस्याएं साझा कीं और शासन-प्रशासन से त्वरित समाधान की मांग की। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने कृषि विभाग, व्यापारियों और प्रशासनिक तंत्र की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों को योजनाओं और सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। मंच के जिला संयोजक ठाकुर राजशेखर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि किसानों को रासायनिक खाद के नाम पर खुलेआम लूटा गया। उन्होंने आरोप लगाया कि "विदेशी आयात में दिक्कत का बहाना बनाकर 266 रुपए की यूरिया 1000 रुपए में और 1350 रुपए की डीएपी 1700 रुपए में बेची गई। नकली खाद भी बाजार में उतारी गई, जिससे किसानों की फसलें खराब हुईं। मंच के सह संयोजक संदीप तिवारी ने धान खरीदी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि "मापतौल में गड़बड़ी कर किसानों के साथ बड़ा अन्याय किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार अच्छी वर्षा से प्रदेश के बांधों में पानी भरपूर है। हसदेव बांगो बांध भी लबालब है। पानी की कमी नहीं है। रबी फसल के लिए किसान तैयार रहे।

#### शीघ्र होगी बैठक

रबी फसल में पानी देने को लेकर जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक होनी है। तिथि निर्धारित नही हुई है। शीघ्र बैठक होगी। बांध में पानी पर्याप्त है।

-शशांक सिंह
कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन विभाग जांजगीर

#### किसान तय करेंगे फसल

जांजगीर चांपा जिला 90 प्रतिशत सिंचित जिला है। हसदेव बांगो बांध में पर्याप्त पानी होने की जानकारी मिली है। अधिकारियों से चर्चा हुई है। जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक लेकर ग्रीष्मकालीन फसल के लिए पानी छोडने की तिथि निर्धारित करने कहा गया है। विभाग का काम पानी देना है। खेतों में कौन सी फसल लगाएंगे, यह किसान तय करेंगे। किसानों की बैठक हो रही है। सभी रबी फसल लगाने तैयार है।

-ठा.राजशेखर सिंह,
जिला संयोजक, कृषक चेतना मंच



# रेत के अवैध कारोबार पर शिकंजा जेसीबी व ट्रैक्टर समेत 16 गाड़ियां जब्त

## शिवरीनारायण-केराकछार क्षेत्र में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर शिकंजा कसते हुए खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान जेसीबी व ट्रैक्टर सहित 16 वाहनों को जब्त किया गया।

दीपावली त्यौहार के बाद रेत के अवैध कारोबारियों पर जिले में कार्रवाई की शुरूआत की गई। जिला खनिज अधिकारी अनिल कुमार साहू के मार्गदर्शन में खनिज निरीक्षक आर.एल. राजपूत के नेतृत्व में बम्हनीडीह, खपरीडीह, केराकछार-पंतोरा और शिवरीनारायण क्षेत्र में औचक जांच की गई।जांच के दौरान अवैध रूप से रेत का परिवहन करते कुल 12 ट्रैक्टर पकड़े गए। जिनमें से 6 ट्रैक्टर बम्हनीडीह व खपरीडीह क्षेत्र से और 6 ट्रैक्टर केराकछार-पंतोरा क्षेत्र से जब्त किए गए हैं। इनमें से छह वाहनों को कलेक्टर परिसर में तथा शेष छह को पंतोरा थाना परिसर में सुरक्षा हेतु रखा गया है। वहीं शिवरीनारायण क्षेत्र में पुलिस की सहायता से खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन में लिप्त 4 वाहनों 1 जेसीबी और 3 ट्रैक्टर को भी जब्त किया है। सभी वाहन पुलिस थाना शिवरीनारायण में सुपुर्द किए गए हैं। खनिज विभाग ने बताया कि इन सभी मामलों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला परिवहन अधिकारी को संबंधित वाहनों के लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्रवाई करने कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। खनिज अमला और जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जा रहा है।

# नेशनल हाईवे मार्ग पर मोबाइल झपटमारी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नेशनल हाईवे 49 में ओवर ब्रिज के पास मोबाइल झपटमारी करने के आरोपी को अकलतरा पुलिस के द्वारा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि प्रार्थी रसीद खान निवासी पाटनवार कॉलोनी कमला ज्ञान विद्यालय तिफरा के पीछे यदुनंदन बिलासपुर 29 सितंबर को अपने पीकप मे अपने ड्रायवर के साथ रात्रि 02:30 बजे जांजगीर से बिलासपुर के लिए निकला था। अकलतरा ओवर ब्रिज नेशनल हाईवे एनएच 49 पार करने के बाद पीकप में डीजल खत्म होने से ड्रायवर को छोडकर डीजल लेने पेट्रोल पंप गया था। वहां से 05 लीटर डीजल लेकर वापस पैदल आ रहा था। सुबह 04.00 बजे अर्जुनी चौक से करीबन 500 मीटर आगे पहुचा था तभी तीन अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल में आये और प्रार्थी से मारपीट कर मोबाईल को झपट कर भाग गये जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना अकलतरा मे धारा 115(2),304(2),3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा सायबर तकनीकी के माध्यम से आरोपी को पकड़ा जिसको हिरासत मे लेकर लेकर पूछताछ करने पर दिनांक घटना को प्रार्थी से मारपीट कर उसके मोबाईल को झपटमारी कर भाग जाना जुर्म स्वीकार किए जाने से आरोपी नितेश यादव को गिरफ्तार कर 25 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया एवं विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा, प्रधान आरक्षक विवेक सिह आरक्षक गौकरण राय, राजकुमार पाण्डेय का योगदान रहा।

### शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस को स्थानीय अवकाश

**जांजगीर-चांपा।** शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। कलेक्टर जन्मेजय महोबे द्वारा कैलेण्डर वर्ष 2025 के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों के लिए पूर्व में जारी सार्वजनिक अवकाश आदेश में आंशिक संशोधन किया है। संशोधित आदेशानुसार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) को घोषित स्थानीय अवकाश को संशोधित करते हुए शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर बुधवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंकों, कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा। शहीद वीर नारायण सिंह बलिदान दिवस 10 दिसम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इस दौरान बैंकों, कोषालय, उपकोषालय खुले रख सकते है।

### सहकारी समिति के कर्मचारी 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

**सक्ती।** अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारी आगामी 3 नवंबर से अपनी मांगे पूरी होने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा रहे हैं जिसकी सूचना उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से अपने जिले के उच्च अधिकारियों को दी है। प्रदेशभर की 2058 सहकारी समितियों के 15 हजार कर्मचारी अपने चार सूत्रीय मांग को लेकर 24 अक्टूबर को प्रदेशभर के सभी जिला मुख्यालयों प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप दिया है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ के आव्हान पर चार चरणों में आंदोलन होगा। प्रदेशभर की सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

# किसानों से अवैध वसूली का वीडियो वायरल कलेक्टर ने दिए तत्काल जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के कृषि विभाग बम्हनीडीह में पदस्थ एक कंप्यूटर ऑपरेटर का किसानों से पैसा लेते हुए वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। वीडियो सोशल मीडिया और मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सामने आने के बाद कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार वायरल वीडियो में कंप्यूटर ऑपरेटर किसानों से किसी कार्य के एवज में पैसा लेते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आते ही यह मामला चर्चा का विषय बन गया। कलेक्टर महोबे ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एसडीएम चांपा को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि किसानों से किसी भी प्रकार की अवैध वसूली या आर्थिक लेन-देन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार जांच दल को मामले की पूरी हकीकत जानने और वीडियो की सत्यता की पुष्टि के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यह भी जांच की जाएगी कि यह वसूली कब और किन परिस्थितियों में की गई। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस घटना के बाद विभाग में हड़कंप मच गया है।



वायरल हुई तस्वीर।

### राशनकार्ड घर बैठे कर सकते हैं ई-केवाईसी अब नहीं जाना पड़ेगा राशन दुकान

**जांजगीर-चांपा।** शासन द्वारा राशनकार्ड धारकों की सुविधा के लिए अब ई-केवाईसी की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है। अब हितग्राहियों को ई-केवाईसी के लिए राशन दुकान जाने की आवश्यकता नहीं है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि इसके लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित मोबाइल एप मेरा ई-केवायसी राशन कार्ड को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करना होगा। एप के माध्यम से सभी राशनकार्डधारी हितग्राही आधार फेस रिकग्निशन के जरिए अपनी ई-केवाईसी पूर्ण कर सकते हैं। एप इंस्टॉल करने के बाद राज्य का चयन करें, मोबाइल का लोकेशन ऑन करें। आधार नंबर दर्ज करें। आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। कैप्चा भरने के बाद कार्ड विवरण स्क्रीन पर दिखाई देगा। चेहरा मैच होते ही ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूर्ण हो जाएगी।

## एसपी विजय पाण्डेय की पहल पर सबरिया समाज जुड़ा स्वरोजगार से

# जहां चलती थी महुआ शराब की भट्ठी वहां सब्जी-भाजी की होने लगी खेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ थाना क्षेत्र का गांव कमरीद शराब मुक्ति की ओर अग्रसर हो रहा है। गांव के सबरिया समाज के लोगों ने शराब बनाने से तौबा कर लिया है और स्वरोजगार की ओर कदम बढ़ाए हैं। पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के सतत प्रयासों के कारण सबरिया डेरा वालों ने शराब बनाना छोड़ दिया और स्वरोजगार खेती-बाड़ी के लिए उन्मुख हो गए।

थाना पामगढ़ क्षेत्र से लगे बलौदा बाजार बॉर्डर नदी किनारे स्थित ग्राम कमरीद में बड़ी मात्रा में सबरिया समाज के लोग शराब बनाते थे। पिछले कुछ महीनो से पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा विजय कुमार पाण्डेय के सतत प्रयासों के कारण सबरिया डेरा वालों ने शराब बनाना छोड़ दिया और स्वरोजगार की तरफ बढने लगे है। इसी कड़ी में ग्राम कमरीद में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें जनपद सदस्य श्रवण गोड़ समाज के मुखिया नरसिंह गोड़, गांव के तिलक राम गोड़ एवं बड़ी संख्या में सबरिया समाज के महिलाएं, पुरुष इकट्ठा हुए और उन्होंने बताया कि कैसे शराब बनाना छोड़के खेती करना, सब्जी लगाने लग गए हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक श्री पाण्डेय को अपने खेतों का दौरा भी कराया। यह परिवर्तन पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना पामगढ़ एवं शिवरायण प्रभारी के द्वारा लगातार सबरिया समाज के लोगों का मीटिंग लेकर जागरूक करने से संभव हुआ है। क्षेत्र के सबरिया समाज के लोगों ने गांव में अब कच्ची महुआ शराब नहीं बनाने का भी प्रण लिया है। हाल ही में कुछ दिन पहले सबरिया समाज के लोग रायगढ़ जिला के लैलूंगा में गेंदा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए थे जहां से गेंदा खेती के बारे में भी जानकारी लिया है उनका भी अब खेती करेंगे। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सबरिया समाज के प्रमुख लोग सहित थाना प्रभारी पामगढ़ मनोहर सिन्हा भी उपस्थित रहे।



सबरिया समाज के लोगों से मुलाकात करते पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय।



## खबर संक्षेप

### विधायक ने ग्राम पौना में बनने वाले सांस्कृतिक भवन का किया भूमि पूजन



**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा ग्राम पौना में विधायक निधि से बनने वाले सांस्कृतिक भवन का भूमि पूजन किया गया। ग्राम के पुरोहित के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ संस्कृतिक भवन का भूमि पूजन कराया गया। इस दौरान सरपंच राघवेंद्र चतुर्वेदी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के समस्त ग्रामों में विकास कार्य अविरल गति से कराए जा रहे हैं। ग्राम में संस्कृतिक भवन निर्माण की लंबे समय से मांग की जा रही थी । संस्कृतिक भवन बनने पर ग्राम वासियों को विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा ग्राम तागा के सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया गया एवं ग्राम तिलई में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन भी किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पौना ,तागा एवं तिलई के पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ कल से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत सबसे बड़े ग्राम पंचायत बिर्रा के बस स्टैंड चौक कश्यप निवास पर श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन रविवार 26 अक्टूबर को शुभारंभ किया जाएगा। कथा वाचक पं गीताराम तिवारी के द्वारा कथा का रसापान कराएंगे। श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ 26 अक्टूबर दिन रविवार को कलशयात्रा बेदीपूजन षट्ध्यायी के साथ कथा प्रारम्भ होगा। सोमवार 3 नवंबर को विष्णु सहस्त्रनाम तुलसी वर्षा हवन बाह्मण भोज कथा का विराम होगा।

### आकाशवाणी बिलासपुर से पंकज की कहानी का प्रसारण 28 को



**अकलतरा।** आकाशवाणी बिलासपुर केंद्र से अकलतरा नगर के युवा एवं प्रतिभाशाली कथाकार पंकज भारती की कहानी सपने सुनहरे का प्रसारण साहित्यकीय कार्यक्रम के अंतर्गत 28 अक्टूबर को शाम को 5:05 पर 103.2 मेगाहट्र्ज पर किया जाएगा।

### सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व प्राचार्य व पूर्व छात्र सम्मेलन

**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर बलौदा में 25 अक्टूबर शनिवार को सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के योजनानुसार पूर्व आचार्य एवं पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन का आयोजन हुआ। छात्र संघ के अध्यक्ष अंकित कटकवार के अनुसार, इस कार्यक्रम में लगभग 200 पूर्व छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे। सौरभ गोयल, भवानी लाल थवाईत ,चेतन देवांगन, किशोर देवांगन, विद्याभूषण देवांगन, कृष्ण कुमार देवांगन, प्रदीप देवांगन,संदीप सोनी,शुभांक गुप्ता, राजीव रंजन जाटवर एवं अन्य शुभचिंतकों से विचार मंथन के पश्चात, कार्यक्रम की रूपरेखा सुनिश्चित कर ली गई है। विद्यालय के प्राचार्य रमेश अहीर, पूर्व छात्र संघ के प्रभारी संतोष यादव , प्रधानाचार्य दया शंकर देवांगन, दिनेश देवांगन अशोक सोनी तथा विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।

### कन्या शाला में एक दीया शिक्षा के नाम प्रज्ज्वलित

**बहेराडीह।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के आह्वान पर एवं जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर चांपा ए के सिन्हा के निर्देश पर दीपावली के अवसर में शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी,विकास खंड बलौदा जिला जांजगीर चांपा के प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विभाग के बालिकाओं के साथ एक दिया शिक्षा के नाम विष्णु का दिया के नाम से दीपक स्कूल परिसर में जलाया गया। शिक्षक अशोक तिवारी ने उपस्थित बच्चों को शिक्षा मंत्री के संदेश को सुनाया तथा कहा कि यह स्कूल पवित्र ज्ञान का मंदिर है जहां आज हमने दीपावली के अवसर पर एक एक दीपक जलाकर मां लक्ष्मी,गणेश,और सरस्वती से प्रार्थना करते हैं कि वे यहां पढ़ने वाले सभी बच्चों को विद्या,धन और बुद्धि प्रदान करे।

### महंत में हुई धीवर समाज की वार्षिक बैठक, अनेक मुद्दों पर चर्चा

**जांजगीर-चांपा।** धीवर समाज धुरकोट केंद्र की वार्षिक बैठक 24 अक्टूबर को धुरकोट में हुई। इस मौके पर शिव कुमार धीवर, महासभा के कार्यकारिणी सदस्य बजरंग धीवर ,नवागढ़ रेंज सचिव प्रभात धीवर, केंद्राध्यक्ष शिवकुमार,उपाध्यक्ष दशरथ धीवर,शेखर धीवर सचिव,रथराम धीवर सहसचिव,परदेशी धीवर कोषाध्यक्ष एवं समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा भगवान श्री राम की तैलचित्र पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना की। तत्पचात अतिथियों का स्वागत श्रीफल और गुलाल से तिलक कर किया गया। इसके बाद कोषाध्यक्ष ने अपने सालाना हिसाब किताब का ब्यौरा प्रस्तुत किया। तत्पश्चात सर्वसहमति से केंद्र के अधीनस्थ ग्रामों के विकास के लिए राशि आबंटन कर तत्काल ग्राम प्रमुखों को जिम्मेदारी देते हुए राशि को सौप दिए। साथ ही विधायक व्यास कश्यप द्वारा सामुदायिक भवन के लिए 15 लाख की घोषणा को मूर्त रूप देने भूमिपूजन और अन्य व्यवस्था पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नवीन धीवर,फ़रित धीवर, संजय धीवर, घनश्याम धीवर, लक्ष्मण धीवर सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### खरना आज, कल अस्तांचलगामी सूर्य को देंगे अर्घ्य

# नहाय खाय के साथ शुरू हुआ सूर्य उपासना का छठ महापर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




छठ पूजा के लिए तैयार घाट

भगवान सूर्य की आराधना का पावन पर्व छठ पूजा इस वर्ष बड़े ही श्रद्धा, उत्साह और आस्था के वातावरण में प्रारंभ हो गया है। शनिवार, 25 अक्टूबर से नहाय-खाय के साथ इस चार दिवसीय पर्व का शुभारंभ हुआ।

इस दिन व्रती महिलाएं और पुरुष शुद्ध जल से स्नान कर स्वच्छ व सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। घरों में विशेष रूप से कद्दू-भात, चने की दाल और अरवा चावल बनाकर प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। अगले दिन 26 अक्टूबर को खरना का व्रत रखा जाएगा। इस दिन व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखते हैं और संध्या के समय सूर्यास्त के बाद गुड़ से बनी खीर, रोटी और केले का प्रसाद बनाकर सूर्यदेव को अर्पित करते हैं। स दौरान घाटों पर छठ मइया के गीत गूंजते हैं और श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही छठ व्रत का मुख्य चरण प्रारंभ होता है।27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य देने की परंपरा निभाई जाएगी। व्रती महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखकर शाम को नदी, तालाब या किसी स्वच्छ जलाशय में डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करती हैं। इस दौरान घाटों पर छठ मइया के गीत गूंजते हैं और श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ता है। 28 अक्टूबर की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर इस पर्व का समापन होगा। व्रती महिलाएं और परिवारजन उदयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार के सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और आरोग्यता की कामना करते हैं। यह पर्व बिहारी समाज का प्रमुख त्यौहार माना जाता है, जो अब देश के कई हिस्सों में श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाया जाता है। छठ पूजा की सबसे विशेष बात यह है कि इसमें अद्भुत शुद्धता और अनुशासन का पालन किया जाता है। व्रती महिलाएं चार दिनों तक पूर्ण संयम और पवित्रता के साथ व्रत रखती हैं। वे मिट्टी या पीतल के बर्तनों का ही प्रयोग करती हैं, तथा इस दौरान घरों में किसी भी प्रकार की अशुद्धि नहीं होने दी जाती। घाटों की सफाई, सजावट, प्रसाद की तैयारी और लोकगीतों की मधुर ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा है। आस्था, भक्ति और लोक परंपरा का यह पर्व न केवल सूर्य देवता की उपासना है, बल्कि मानव और प्रकृति के बीच के गहरे संबंध का प्रतीक भी है।

### भगत चौक जांजगीर में अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ 2 नवम्बर से

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के पुरानी बस्ती स्थित नवनिर्मित भगत चौक में वट वृक्ष के नीचे मोहल्लावासियों द्वारा विगत वर्षो की भांति 64 वें वर्ष पर अखण्ड राम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन आगामी 2 नवम्बर से 10 नवम्बर तक किया जायेगा। राम नाम सप्ताह यज्ञ के प्रारंभ दिवस 2 नवम्बर को भगत चौक पुरानी बस्ती संकीर्तन स्थल से कलश यात्रा कीर्तन मण्डली के साथ भगवती देवी दाई मंदिर भीमा तालाब तक निकाली जावेगी। वरूण कलश पूजन कर, कलश यात्रा संकीर्तन स्थल वापस होगी। साथ ही यज्ञ प्रारंभ हेतु देव आवाह्नन, स्थापना पूजा एवं स्वास्ति वाचन के साथ देव मूर्तियों की झांकी स्थापना की जावेगी। भगत चौक पुरानी बस्ती में 100 साल से अधिक प्राचीन वट वृक्ष के नीचे चबूतरे में पूरे सात दिन और सात रात राम नाम का जाप लगातार किया जाता है। कीर्तन मण्डली रामनाम की गायन करने मण्डली सहित पहुंचते है। राम नाम का रस पास करने नगर सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे हुए, जो घण्टो यज्ञ स्थल पर राम नाम का रसपास करते है। यज्ञ का समापन 9 नवम्बर को किया जावेगा और उसी शाम भव्य नगर यात्रा भी निकाली जावेगी। 10 नवम्बर को हवन, सहस्त्र धारा, ब्राम्हाण भोज का आयोजन किया जावेगा। आयोजन की तैयारी में आयोजन समिति के संस्थापक, संरक्षक, अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष सहित पदाधिकारी जुटे हुए है।

## बलौदा क्षेत्र में नहीं थम रहा डीजल चोरी का सिलसिला



डीजल चोर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर और कोरबा जिले का सीमावर्ती बलौदा क्षेत्र डीजल चोरों का सुरक्षित ठिकाना बनकर रह गया है। यहां डीजल चोरी करने और उसे औने पौने दामों में बेचने का कारोबार निर्बाध गति से चल रहा है। ऐसा भी नहीं है इसकी जानकारी पुलिस को ना हो। बावजूद इसके ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

बलौदा थाना क्षेत्र में डीजल चोरी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही हैं, जिससे वाहन मालिक और स्थानीय लोग चिंतित हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार कोरबा क्षेत्र से आने वाली गाड़ियों के डीजल को चोरी करके अवैध रूप से बेचा जा रहा है। यह धंधा लंबे समय से चल रहा है और इसे रोकने के लिए अभी तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों और वाहन संचालकों का कहना है कि चोरी की यह प्रवृत्ति नियमित रूप से बढ़ रही है। लोग बताते हैं कि चोरी करने वाले गिरोह दिन-दिहाड़े डीजल भराई और वितरण के दौरान वाहन से डीजल चुराकर बाहर ले जाते हैं और उसे काले बाजार में बेच देते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस को इस पूरे मामले की जानकारी है, बावजूद इसके चोरी को रोकने में नाकामी रही है। उन्होंने बताया कि शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती, जिससे अपराधी बेधड़क अपनी गतिविधियों को जारी रख रहे हैं। जानकारों का मानना है कि अगर समय रहते इस पर कार्रवाई नहीं की गई तो यह अवैध धंधा और फैल सकता है, जिससे स्थानीय लोगों और परिवहन क्षेत्र को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। बहरहाल कारण चाहे जो भी हो लेकिन क्षेत्र में संगठित रूप से हो रहे डीजल चोरी की वारदातों ने पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है।

## चार करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाली सड़क का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा



भूमिपूजन में शामिल संयोगिता सिंह जूदेव

ग्राम पंचायत बुंदेली के भाटापारा में अड़भार से लेकर बुंदेली तक 4 करोड़ 26 लाख की लागत से बनने वाले सड़क का छाया विधायक एवं भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य संयोगिता सिंह जूदेव ने 25 अक्टूबर को किया भूमि पूजन इससे पहले ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों ने उपस्थित अतिथियों का गुलदस्ता एवं फूल माला भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर श्रीमती जूदेव ने कहा उन्होंने कहा 2023 में उनके द्वारा इस सड़क के निर्माण कार्य के लिए बुन्देली से अडभार तक पदयात्रा किया गया था वहीं भाजपा की सरकार बनने के बाद उन्होंने इस मांग को प्राथमिकता के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा उपमुख्यमंत्री अरुण साव के पास रखा जिस पर उन्होंने स्वीकृति दी उनका कहना था वह लगातार गांव का भ्रमण कर रही है तथा सरकार की सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिले इस और निरंतर प्रयास कर रही है इस सड़क के बन जाने से गांव एवं आसपास के गांव के लोगों को तहसील अडभार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पुलिस चौकी एवं हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंचने में सुविधा होगी इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष कवि शरण ने कहा सड़क निर्माण के समय क्षेत्र के समय गांव के जनप्रतिनिधियों को गुणवत्ता पर ध्यान देना जरूरी है ताकि सड़क मजबूत एवं लंबे समय तक टिकाऊ बना रहे इस अवसर पर जिला भाजपा कोषाध्यक्ष प्रमोद ग़बेल, पूर्व जनपद सदस्य जुडावन गबेल ,पूर्व मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र पटेल सरपंच मुकेश सारथी, नितिन शुक्ला अरविंद तिवारी, गोमती रात्रे विजय धीरहे ,हालदार राट्रे,के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं ग्रामीण तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### 22 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**अकलतरा।** ग्राम बरगवां में अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने वाले आरोपी को 22 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार करने में अकलतरा पुलिस को सफलता मिली है। अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है कि इसी क्रम में थाना अकलतरा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही कर ग्राम बरगवां में आरोपी गोपाल श्रीवास उम्र 52 वर्ष के कब्जे से कुल 22 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 44 सौ रूपये बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा प्रधान आरक्षक विकास मिश्रा, आरक्षक भूषण राठौर योगदान रहा।



## सिन्धी पंचायत द्वारा मनाया गया दीवाली मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



दीपावली मिलन समारोह में उपस्थित सिंधी समाज के लोग।

पूज्य सिन्धी पंचायत संत कंवरराम नगर सिन्धी कालोनी द्वारा सिंधु भवन में दीवाली मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया व गुरुनानक जयंती बड़े ही धूम धाम से मनाने बैठक रखी गई। बैठक में 5 नवंबर को गुरु पर्व पर भव्य भण्डारा अटूट लंगर सिंधु भवन में आयोजित करने पर सहमति बनी।

समाज के सभी उपस्थित पंचों को सर्वप्रथम समाज के अध्यक्ष सुनील साधवानी ने सभी को राम राम का गमछा पहनाकर, व हनुमान चालीसा भेंट करते हुए दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए सभी से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात मोहन भाई साहब,चंदरमल मखीजा, संरक्षक दिलीप मीरचंदानी पूर्व मुखी ने भी उपस्थित सभी समाज के लोगो को शुभकामनाएं दी। ततपश्चात हनुमान चालीसा का पाठ किया, दीप प्रज्वलित कर, माता लक्ष्मी की आराधना करते हुए आतिशबाजी की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि 5 नवंबर गुरु पर्व बड़े ही धूम धाम से मनाया जाएगा व भव्य भण्डारा अटूट लंगर सिंधु भवन में आयोजित किया जाएगा कार्यक्रम में मुख्यरूप से मोहन भाई साहब, चन्दरमल माखीजा संरक्षक सुनील साधवानी, अध्यक्ष मुखी दिलीप मीरचंदानी, पूर्व मुखी अमित साधवानी, सचिव भागचंद लक्षवानी, राजा चंदवानी, मनोहर खूबचंदानी, राजेश साधवानी, अर्जुन मीरचंदानी, मनोहर जेठानी, नरेश वासवानी, अनिल जसवानी, सच्चानन्द साधवानी, रूपचंद साधवानी, सुनील जसवानी, मनोज साधवानी, तरुण दीपानी, राम साधवानी,लालू जसवानी,अजय लालवानी, सुरेश धमेचा, टिंकू साधवानी,रितेश लक्षवानी, कृष्णा साधवानी, अर्जुन साधवानी,देव साधवानी, सहित समाज के प्रमुख लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सुनील साधवानी व आभार मनोहर जेठानी द्वारा किया गया।

## हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते समाज के पदाधिकारी।

छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज का सप्त-दिवसीय तीर्थ यात्रा को गांधी भवन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

श्रीराम ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज सर्किल चांपा के संयुक्त तत्वावधान में सप्त-दिवसीय धार्मिक तीर्थ यात्रा का आयोजन गांधी भवन चांपा से रवाना कर किया गया । तीर्थ यात्रा की रवानगी छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज के केंद्राध्यक्ष जयदेव सोनी, संरक्षक रमेश, अनिल, सर्किल अध्यक्ष राजकुमार,युवा अध्यक्ष अनिल, महिला अध्यक्ष श्रीमति रजनी तथा मीडिया प्रभारी शशिभूषण सोनी ने गांधी भवन, चांपा से हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर यात्रा पर निकलने वाले श्रद्धालुओं को बधाई और शुभकामनाएं दी गई। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि यह यात्रा 25 से 30 अक्टूबर तक चलेगी। इस दौरान श्रद्धालुओं को चित्रकूट, बनारस, अयोध्या, प्रयागराज और विंध्यवासिनी जैसें प्रमुख धार्मिक-सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

## जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



विजेता को पुरस्कार प्रदान करते अतिथि।

दीपावली पर बिर्रा में जिला स्तरीय महासंग्राम डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संतोष प्रजापति, बावा राम जायसवाल पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, जिपं सदस्य मोहन कुमारी साहू, सरपंच पीलीबाई, उपसरपंच विमला कश्यप बतौर अतिथि उपस्थित हुए।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार शरारा डांस ग्रुप भटगांव को 15 हजार रुपये एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। इसी तरह द्वितीय पुरस्कार मोर नन्हे संगवारी जांजगीर को 10 हजार रुपए, तृतीय पुरस्कार सांवरिया डांस ग्रुप सलखन को 7 हजार रुपए, चतुर्थ पुरस्कार मोहनी डांस ग्रुप कलमा बैराज चंद्रपुर को 5000 रुपए और पंचम पुरस्कार शिवानी डांस ग्रुप लैलूंगा को 3000 रुपए। इसी प्रकार युगल में प्रथम पुरस्कार भैंसमा जिला कोरबा को 7000 रुपए, दूसरा पुरस्कार राजा हिंदुस्तानी रायपुर को 5000 रुपए, तीसरा पुरस्कार भोला बिंदु युगल डांस रायगढ़ को 3000 रुपए, चौथा पुरस्कार वंदे मातरम हरदी बाजार जिला कोरबा को 2000 रुपए और पांचवा पुरस्कार जे बी युगल डांस कोटमी सोनार को 1000 रुपए पुरस्कार और सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया है। एकल डांस पर प्रथम पुरस्कार संजना सोनी बिलासपुर को 5000 रुपए, दूसरा पुरस्कार सोनम एकल डांस मदनपुर खरसिया को 3000 रुपए , तीसरा पुरस्कार राजनंदनी रायगढ़ को 2000 रुपए, चौथा पुरस्कार प्राची देवी कमरीद को 1000 और पांचवा पुरस्कार दीपा रानी एकल डांस मड़वा रानी को 700 रुपए और ब्रेक डांस में प्रथम पुरस्कार आत्माराम कटौद को 2000 रुपए ,दूसरा पुरस्कार रीड ए कॉल डांस ग्रुप कोरबा को 1500 रुपए और तीसरा पुरस्कार अजय केवट सरवा को 1000 रुपए, चौथा पुरस्कार मिस्टर डीजे रायपुर को 700 रुपए और पांचवा पुरस्कार वीके डांस ग्रुप महासमुंद को 500 रुपए और सभी को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

### जैविक खेती से लेकर समन्वित कृषि तक दी गई अहम जानकारियां

# रजत जयंती वर्ष पर जैविक किसान मेला एवं प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



रजत जयंती के अवसर पर मंचस्थ अतिथि।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर कृषि विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार 24 अक्टूबर को वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय प्रांगण, विकासखण्ड बलौदा में जैविक किसान मेला एवं प्रशिक्षण सह प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया और आधुनिक, जैविक तथा समन्वित खेती से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। मेले में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को जैविक खेती, फसल चक्र परिवर्तन, समन्वित खेती, दलहन-तिलहन उत्पादन, तथा धान फसल में कीट व रोग नियंत्रण से संबंधित व्यावहारिक जानकारी दी। किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर खेती को अधिक लाभदायक और टिकाऊ कैसे बनाया जा सकता है। साथ ही कृषि विभाग, पशुपालन, उद्यानिकी और रेशम विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की शासकीय योजनाओं, अनुदान योजनाओं और नवाचार कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी किसानों को दी। प्रदर्शनी में विभागीय स्टॉल लगाकर कृषि उपकरण, जैविक उत्पाद और बीजों की नई किस्में भी प्रदर्शित की गईं। कार्यक्रम में उमा देवी राठौर जिला सदस्य, शारदा देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदा, रमाकांत साहू सांसद प्रतिनिधि, चूड़ामणि राठौर जनपद सदस्य, रोशन पटेल सभापति, कृषि स्थाई समिति बलौदा, संगीता गौतम जनपद सदस्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर एल. एम. भगत उप संचालक कृषि, के. डी. महंत, रंजीत मोदी, प्रदीप सिंह कृषि वैज्ञानिक, आर. के. सोनवानी अनुविभागीय कृषि अधिकारी, मनीष कुमार मरकाम सहायक संचालक कृषि, के. एल. मैत्री सहायक पशु शल्य चिकित्सक, आर. बी. बघेल वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पामगढ़, एन. के. दिनकर, एस. के. सोनी, वाय. के. राठौर कृषि विकास अधिकारी, प्रियंका सिंह उपस्थित थे।




